# <u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
## <u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**15 सितंबर** 2026</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख रुपये तक के कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की। चार सौ राज्य विधि अधिकारियों को दिया जाएगा टैबलेट।
- लोकायुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री। कहा– जन विश्वास पर खरा उतरना लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी।
- युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका रोज एपेल अलुपो ने आगरा पहुंचकर किया ताजमहल का दीदार। स्मारक की खूबसूरती और स्थापत्य कला को सराहा।
- हिंदी दिवस पर सर्वोच्च न्यायालय ने की 'जन सूचना सेवा' शुरू करने की घोषणा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख रुपये सालाना कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की है। इसका लाभ हाईकोर्ट और जिला अदालतों में सक्रिय रूप से प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं को मिलेगा। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद की ओर से कल आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने 400 राज्य विधि अधिकारियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए टैबलेट देने की घोषणा भी की।

**आधुनिक तकनीक आज की आवश्यकता है। इस दृष्टि से उन्हें जानकारी मिल सकेगी कौन से शासन से जुड़े हुए मामले माननीय न्यायालय के पास आ रहे हैं। इसके लिए 400 ऐसे राज्य विधि अधिकारियों को हम लोग टैबलेट की सुविधा भी उपलब्ध करवा रहे हैं और जो यहां पर सक्रिय प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर हाई कोर्ट हो, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट हो, उन सभी अधिवक्ताओं को हम लोग कैशलेस की 5 लाख रुपये की प्रति वर्ष कैशलेस की मेडिकल इंश्योरेंस स्कीम की सुविधा भी उपलब्ध करवाने के लिए यह भी हम यहां पर घोषणा कर रहे हैं।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रदेश के लोकायुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। लखनऊ में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री ने लोक आयुक्त प्रशासन की स्मारिका और सूचना पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जन विश्वास पर खरा उतरना लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी होती है।

**लोकतंत्र के जो सबसे बड़ी ताकत है, वह किसी भी संवैधानिक संस्था में एक सामान्य नागरिक का विश्वास गुड गवर्नेंस यह पब्लिक ट्रस्ट पर निर्भर करता है। अगर जनता का विश्वास नहीं है तो हम सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। सुशासन के उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि हम अंतिम पायदान पर बैठा हुआ व्यक्ति भी हमारी विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं पर उसी विश्वास के साथ गौरव की अनुभूति कर सके।**

**********

प्रदेश में ईवीएम–वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग– एफएलसी को लेकर कल लखनऊ में 33 जिलों के निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों और एफएलसी सुपरवाइजरों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग आगामी चुनाव की तैयारियों का पहला महत्वपूर्ण चरण है।

**इस कार्यशाला का उद्देश्य यह है कि अब यहां से जाने के बाद कुछ ही दिनों में इन जिलों में जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं जिससे चुनाव होता है उनकी फर्स्ट लेवल चेकिंग एफएलसी शुरू हो रही है। फर्स्ट लेवल चेकिंग पहला कदम है चुनाव की तैयारी का जहां तक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का सवाल है। एक–एक मशीन का चाहे वह कंट्रोल यूनिट हो बैलेट यूनिट हो या वीवीपैट हो विजुअल इंस्पेक्शन टेक्निकली देखा जाएगा सारे पैरामीटर्स सही है कि नहीं।**

**********

भारतीय रिजर्व बैंक ने साइबर धोखाधड़ी और विवादित लेनदेन पर रोक के संबंध में नई रूपरेखा का मसौदा जारी किया है। इसके तहत बैंक पूरे अकाउंट के बजाय सिर्फ विवादित लेनदेन की राशि को अस्थायी रूप से फ्रीज कर सकेंगे। ऐसा तभी किया जा सकेगा जब एक हजार रुपये या उससे अधिक के असामान्य अंतरण के म्यूल अकाउंट अथवा साइबर फ्रॉड से जुड़े होने की आशंका हो। मसौदा निर्देश अगले वर्ष पहली अप्रैल से लागू होने वाले हैं, लेकिन बैंक इन्हें पहले भी अपना सकते हैं।

**********

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत करने भारत आईं युगांडा की उप राष्ट्रपति जेसिका रोज एपेल अलुपो ने कल आगरा में ताजमहल का दीदार किया। एक रिपोर्ट–

**युगांडा की उप राष्ट्रपति के आगरा पहुंचने पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच युगांडा की उप राष्ट्रपति ताजमहल परिसर पहुंची जहां उन्होंने स्मारक की खूबसूरती को निहारा और डायना बेंच पर फोटो सेशन भी कराया। इस दौरान गाइड ने उपराष्ट्रपति को ताजमहल के इतिहास, स्थापत्य कला और संगमरमर पर की गई बारीक पच्चीकारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपराष्ट्रपति ने ताजमहल की खूबसूरती और स्थापत्य कला की प्रशंसा की। उप राष्ट्रपति के आगरा दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सज्जन सागर ,आकाशवाणी समाचार, आगरा।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सत्रह सितंबर से शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत उनकी कर्मभूमि वाराणसी से लेकर उनकी जन्मभूमि वडनगर तक की सेवा यात्रा निकलेगी। यह जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमांग जोशी ने कल वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि सेवा यात्रा का फ्लैग–ऑफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में होगा। यात्रा के दौरान पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, लाभार्थियों से संवाद, अस्पतालों में फल वितरण, पोषण किट वितरण और क्षय रोग उन्मूलन से जुड़े सेवा कार्य किए जाएंगे।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने हिंदी दिवस के अवसर पर कल 'जन सूचना सेवा' शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य न्याय व्यवस्था को अधिक समावेशी बनाना और लोगों के लिए महत्वपूर्ण न्यायिक फैसलों को समझना आसान बनाना है।

**इस सेवा के अंतर्गत महत्वपूर्ण फैसलों और आदेशों का सरल हिंदी में सार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही करीब 15 से 30 मिनट की अवधि के हिंदी ऑडियो और वीडियो बुलेटिन भी जारी किए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह पहल लोगों और विशेष रूप से दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए शुरू की गई है। इससे वे महत्वपूर्ण फैसलों, उनके प्रभाव और आगे की कार्यवाही को अपनी परिचित भाषा में आसानी से समझ सकेंगे। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

**********

प्रदेश में रूक रूक कर हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर हैं। इससे हजारों की आबादी बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य जारी है।

प्रदेश सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि और अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कल मऊ के मधुबन और दुबारी क्षेत्र में बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने बाढ़ प्रभावितों का हालचाल जाना और उन्हें राहत सामग्री प्रदान की। शाहजहांपुर में प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा के साथ बाढ़ प्रभावित ग्राम कसारी का निरीक्षण किया। उन्नाव के भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक आशुतोष शुक्ला ने कल 90 परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। फतेहपुर की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कल  बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों बड़ाहार, सदनापुर एवं बिंदकी फार्म का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन पुरी मुस्तैदी के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुटा है।

**निरीक्षण में हम लोगों ने यहाँ पर अस्थाई रुकने की व्यवस्था कर रखी है और अभयपुर में यह व्यवस्था का निरीक्षण करा गया जिसमें माननीय विधायक जी भी हमारी पूरी टीम के साथ मौजूद थे और यहाँ पर लोगों के लिए खाने, शुद्ध पेयजल, सफाई व्यवस्था – इन सब का भी निरीक्षण करा गया। कुल मिलाकर यहाँ पे जिला प्रशासन सतर्क है और कॉन्स्टेंटली वॉटर लेवल्स को मॉनिटर कर रही है। और कैसे लोगों में प्रॉपर सुविधा पहुँचाई जा सके और कैसे लोगों को कोई असुविधा न हो, उसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।**

इसी बीच मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में 18 सितंबर तक कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

**********